15. योजना दस्तावेज को मार्च 1991 तक अन्तिम रूप दे दिया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से जनता में बड़े पैमाने पर व्याप्त गरीबी को हटाने, उत्पादक रोजगार के अवसरों के विस्तार और अपनी जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने पर जोर दिया जाएगा। संसाधनों की कमी को देखते हुए हमें प्राथमिकताओं के चयन में अधिक कड़ा रुख अपनाना पड़ेगा। आठवीं पंचवर्षीय योजना में आवश्यक बुनियादी ढांचे विशेषकर ऊर्जा, चालू परियोजनाओं को पूरा करने, सिंचाई, घरेलू स्तर पर खाद्य सामग्री सम्बन्धी सुरक्षा, स्वच्छ पेय जल, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा, प्राथमिक शिक्षा और दलितों तथा आदिवासियों, महिलाओं और बच्चों के कल्याण और विकास सम्बन्धी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। आठवीं पंचवर्षीय योजना की अन्य प्रमुख विशेषताओं में पर्यावरण की रक्षा करना और भूमि तथा जल संसाधनों में आई गिरावट को रोकना, कृषि सम्बन्धी उत्पादकता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार लाने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी का अधिकतम प्रयोग करना, कृषि अनुसंधान कार्य की ओर अधिक सुव्यवस्थित ध्यान देना, कृषि ऋण प्रणाली को मजबूती प्रदान करना, और अधिक उत्पादकता तथा कुशल प्रबन्ध के माध्यम से पहले से किए गए निवेशों से और अधिक प्रतिफल प्राप्त करने पर विशेष ध्यान केन्द्रित करना एवं विकास सम्बन्धी प्रशासन को सुमुचित रूप से विकेन्द्रीकृत करना आदि शामिल होगा। सरकार कृषि विकास को अत्यधिक प्राथमिकता देती है। कृषि नीति संकल्प को संसद के समक्ष इसी सत्र में रखे जाने की आशा है।

16. कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए ठोस जल प्रबन्ध आवश्यक हैं। वैज्ञानिक पद्धतियों जैसे छिड़काव, सिंचाई इत्यादि द्वारा उपलब्ध आपूर्ति का बेहतर उपयोग करने और लघु सिंचाई की ओर विशेष ध्यान देते हुए जल संसाधनों में वृद्धि करने के प्रयास किए जायेंगे।

17. वर्ष 1990-91 के दौरान समन्वित ग्रामीण विकास योजना (आई आर डी पी) में विविधता लाने तथा उसे एक नई दिशा प्रदान करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इनमें सभी जिलों में आई आर डी पी के अन्तर्गत अधिक से अधिक महिलाओं को शामिल करने वाले सामूहिक प्रयत्नों को बढ़ावा देना तथा तथा शारीरिक रूप से अपंग व्यक्तियों के लिए तीन प्रतिशत का लक्ष्य निर्धारित करना शामिल है। अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के परिवारों को तथा महिलाओं को शामिल करने का लक्ष्य क्षेत्र बढ़ा दिया गया है। स्वरोजगार के लिए ग्रामीण युवकों

के प्रशिक्षण कार्यक्रम (ट्राइसम) के अन्तर्गत यह निर्णय लिया गया है कि वर्ष 1991-92 के दौरान प्रशिक्षणार्थियों की संख्या दुगनी कर दी जाए। जवाहर रोजगार योजना को जारी रखा गया है।

18. सरकार औद्योगिक विकास की गति को बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय करेगी। औद्योगिक विकास को, विशेष रूप से पिछड़े क्षेत्रों में, और प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने 8वीं योजना के दौरान देश भर में नई विकास केन्द्र योजना कार्यान्वित करने का निर्णय किया है। सरकार विशेष रूप से खादी और ग्रामीण उद्योगों के विकास द्वारा ग्रामीण औद्योगीकरण पर भी बल देगी। लघु क्षेत्र के उद्योग, जो रोजगार के अवसर उत्पन्न करने तथा देश के निर्यात प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं, के विकास के संवर्धन के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। औद्योगिक नीति पर एक विवरण इस सत्र में संसद के समक्ष रखा जाएगा।

19. सरकार इलैक्ट्रानिक उद्योग की, विशेष रूप से निर्यात के क्षेत्र में, अत्यधिक विकास की सम्भाव्यताओं से अवगत है और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपाय करेगी कि इस सम्भाव्यता को प्राप्त किया जा सके। सरकार का यह प्रयास होगा कि वस्त्र उद्योग और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का विकास किया जाए।

20. सरकार आधारिक संरचना क्षेत्र पर पूरा ध्यान देगी। कोयला संसाधनों का विकास किया जाएगा और बिजली का उत्पादन बढ़ाया जाएगा। खनिज विकास के क्षेत्र में उत्पादन-प्रक्रिया को आधुनिक बनाया जाएगा। इस्पात के मामले में आधुनिकीकरण और क्षमता के विस्तार के माध्यम से आत्मनिर्भरता प्राप्त करना लक्ष्य होगा। सरकार कच्चे तेल को बचाने के उपायों को प्रोत्साहन देते हुए सरकार औद्योगिक और कृषि उत्पादन को संरक्षण देने के प्रति जागरूक है। कृषि क्षेत्र की आवश्यकताओं को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। अपारम्परिक और पुनः उपयोग में लाए जा सकने वाले ऊर्जा स्रोतों के प्रयोग को बढ़ावा दिए जाने के प्रयास जारी रहेंगे। संचार के क्षेत्र में सरकार दूरसंचार सेवाओं के शीघ्र विस्तार के लिए आवश्यक कदम उठाएगी।

21. सरकारी क्षेत्र के उपक्रम राष्ट्र के आर्थिक विकास में प्रमुख भूमिका निभाते रहे हैं। फिर भी, सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के कार्यनिष्पादन में सुधार करने की पर्याप्त गुंजाइश है। समझौता ज्ञापन पद्धति के माध्यम से कार्यक्षमता में सुधार करने की वर्तमान नीति और उपक्रमों पर भी लागू की जाएगी।

22. हमारे वैज्ञानिकों ने देश के विकास प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जून, 1990 में इनसेट-1डी का सफलतापूर्वक छोड़ा जाना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इनसेट-2 उपग्रह का विकास और उपग्रहों की दूसरी पीढ़ी आई आर एस शृंखला का डिजाइन विकास संतोषजनक ढंग से आगे बढ़ रहा है। जीव प्रौद्योगिकी, जो कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी का अत्यधिक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, में प्रतिरक्षा विभान, प्रोटीन इंजीनियरी और मानव आनुवंशिकी जैसे उच्चस्थ क्षेत्रों में तेजी से प्रगति हो रही है। लोगों के ठोस लाभों के लिए वैज्ञानिक विकास का उपयोग करना हमारी विज्ञान नीति का लक्ष्य होगा।

23. हमारा विकास का स्वरूप ऐसा होना चाहिए जो निरंतर चलता रहे। ऐसा विकास जो पर्यावरण का विनाश करता है, जीवन के मूलाधार को ही नष्ट करता है, आत्मघाती है। पर्यावरण की रक्षा के महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। एक दस वर्षीय राष्ट्रीय वनप्रान्त कार्य योजना

तैयार की गई है जिसमें लोगों की सहभागिता पर बल दिया गया है। विकास आयोजना हेतु एकीकृत ढांचा बनाने के लिए एक सरक्षण नीति तैयार की जा रही है। प्रदूषण पर रोक और उसमें कमी लाने सम्बन्धी नीति में तकनीकी निवेशों और कचरे की रोकथाम के लिए निवारक उपायों को बढ़ावा दिया जाएगा। उत्पादन बढ़ाने के लिए पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों की पहचान की जाएगी और पर्यावरण के लिए कम हानिकारक उत्पादों के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। नागरिक उत्तरदायित्व के सिद्धान्त को संहिताबद्ध किया जाएगा ताकि जो लोग पर्यावरण को हानि से पीड़ित होते हैं उन्हें राहत देने मे सहायता मिल सके।

24. सरकार के सामने एक महत्वपूर्ण कार्य भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों को सार्थक सहायता प्रदान करना है। बदनसीब पीड़ितों और उनके परिवारों को उचित मुआवजा देने का भरसक प्रयास किया जाएगा।

25. हमें अपनी सशस्त्र सेनाओं पर गर्व है। उनके शौर्य, व्यावसायिक दक्षता और कर्तव्यपरायणता के कारण भारत का नाम ऊंचा रहा है। उन्होने मातृभूमि के लिए जो बलिदान किए हैं, राष्ट्र उनके प्रति कृतज्ञ है। हमारी सशस्त्र सेनाओं का मनोबल ऊंचा है और वे किसी भी बाहरी खतरे का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए तैयार हैं। सरकार, सेवारत और सेवानिवृत्त दोनों प्रकार के कार्मिकों की कल्याण योजनाओं को उच्च प्राथमिकता देती रहेगी। हमारी सशस्त्र सेनाओं की खास जरूरतों को पूरा करने में हमारे वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों ने आत्मनिर्भरता की दिशा में जो महत्वपूर्ण सफलाएं प्राप्त की हैं उसके लिए हमें उन पर गर्व है। इन्टीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल विकास कार्यक्रम के क्षेत्र में शानदार प्रगति हुई है। पिछले वर्ष जमीन से जमीन पर मार करने वाली 'पृथ्वी' मिसाइल तथा रिएन्ट्री टेक्नालाजी डिमोन्स्ट्रेटर प्रोजेक्ट 'अग्नि' का सफल परीक्षण करके अब हम इस साल मध्यम दूरी की, जमीन से आकाश पर मार करने वाली मिसाइल 'आकाश' का परीक्षण करने तथा तीसरी पीढ़ी की टैंकरोधी मिसाइल 'नाग' का परीक्षण करने में सफल हुए हैं।

26. देश की एकता और अखण्डता की रक्षा करने के हमारे प्रयास और आर्थिक विकास करने की हमारी कोशिशें अन्ततोगत्वा केवल लोगों की पूर्ण भागीदारी से ही सफल हो सकती हैं। हमारे राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में लोकतांत्रिक व्यवस्था लोगों की सहभागिता के लिए आधार प्रदान करती है। सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करने और ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न करने के लिए वचनबद्ध है जो लोकतंत्र को अधिक गतिशील और वास्तविक बनाएगी।

27. औद्योगिक तथा कृषि दोनों में हमारा श्रमिक बल हमारी जनसंख्या का सबसे महत्वपूर्ण भाग है। उनके कठिन परिश्रम पर इस देश का भविष्य निर्भर करता है। सभी सामाजिक हलचलों के बीच देश में औद्योगिक सम्बन्ध स्थिर रहे हैं। यह हमारी वर्षों से अर्जित औद्योगिक व्यवस्था की पूर्णता का प्रतीक है। यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयत्न किए जाएंगे कि कामगारों के अधिकारों की रक्षा की जाए और उनको उनका पूरा मेहनताना मिले। विशेष श्रेणियों के असंगठित श्रमिकों के लिए श्रम कानून लागू करने के सम्बन्ध मे विशेष ध्यान दिया जाएगा।

28. राष्ट्र के युवाओं के पूर्ण सहयोग के बिना लोकतंत्र को मजबूत बनाने का कार्य कभी पूरा नहीं किया जा सकता है। हमें अपने युवाओं के विकास तथा प्रगति के लिए उनको हर संभव

अवसर प्रदान करना चाहिए। हमें उनके लिए ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न करनी चाहिए कि वे अपनी उन्नति, समाज की उन्नति तथा देश की उन्नति के लिए अपने कौशल का उपयोग कर सकें। सरकार युवाओं के लिये शहरी तथा ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में उत्पादक रोजगार के अवसर पैदा करने के लिये विशेष ध्यान देगी। सरकार यह प्रयत्न करेगी कि राष्ट्रीय अखण्डता का संजोग रखने तथा देश की एकता को सुदृढ़ करने मे युवा सक्रिय रूप से शामिल हों। हाल में राष्ट्रीय युवा परिषद की एक बैठक हुई। युवकों के संबंध में एक राष्ट्रीय नीति बनाते समय इस बैठक में हुई चर्चाओं को ध्यान मे रखा जाएगा।

29. यह चिन्ता की बात है कि महिलाओं के प्रति भेदभाव बरता जा रहा है और कई प्रकार से उनका अनादर हो रहा है। सरकार महिलाओं का संरक्षण करने तथा उनको उनके अधिकार दिलाने के लिये निर्णायक कारंवाई करेगी। सरकार पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा की सुलभता के सम्बन्ध में महिलाओं के सामाजिक आर्थिक अधिकारों तथा बच्चों के अधिकारों पर आवलम्ब ध्यान देगी। वर्ष 1990 जो दक्षेस बालिका वर्ष मनाने के संदर्भ में बालिकाओं की स्थिति सुधारने के लिए भी कदम उठाये गए हैं।

30. राष्ट्र डा. बी. आर. अम्बेडकर की स्मृति संजोये हैं। 12 अप्रैल, 1990 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र का अनावरण किया गया। 14 अप्रैल, 1990 को डा. अम्बेडकर को राष्ट्र के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से विभूषित किया गया। सरकार कमजोर वर्गों और पिछड़ी जातियों की आशाओं और आकांक्षाओं के प्रति पूर्णतया सचेत है और उनके हितों की रक्षा करने तथा उन्हें उत्पादक रोजगार प्रदान करने में सहायता करने के लिये वचनबद्ध है। अनुसूचित जातियों और जनजातियों को आर्थिक रूप से समृद्ध करने, उनमें शिक्षा का प्रसार करने और उनकी सामाजिक असमर्थताएं दूर करने के उद्देश्य से अनुसूचित जाति विशेष घटक योजना और जनजाति उप योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के प्रयास किए जायेंगे। अनुसूचित जनजातियों में से अभाव-ग्रस्त और अति दयनीय जातियों जैसे मूल जनजातियों और समूहों, जगह बदलने वाले खेतिहारों और बंधुआ मजदूरों की ओर सरकार का विशेष ध्यान जारी रहेगा। जनजाति बहुत क्षेत्रों का विकास करना सरकार के लिए विशेष महत्व का मामला है। सरकार का प्रयास यह सुनिश्चित करना होगा कि इन क्षेत्रों मे विकास की गति को बढ़ाया जाए और क्षेत्रीय असंतुलन दूर किया जाए।

31. सार्वजनिक वितरण प्रणाली ने एक अहम भूमिका निभायी है विशेष रूप से आवश्यक वस्तुओं की कमी की स्थिति में। इसको और अधिक प्रभावी बनाना अपेक्षित है। सरकार यह मानती है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली विकास और सामाजिक न्याय के लिए हमारी रणनीति का एक मुख्य घटक बने। सरकार इस बात पर जोर देगी कि गरीबों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीबों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली सकारात्मक ढंग से कार्य कर सके। सरकार उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिये सतर्क है और कालाबाजारी तथा जमाखोरी को रोकने के लिए सभी कदम उठाये जाएंगे।

32. सरकार की कोशिश रहेगी कि स्वास्थ्य देख-भाल का क्षेत्र विस्तृत किया जाये और इसकी गुणवत्ता मे सुधार हो। चिकित्सा की देशी प्रणाली को विकसित करने और समाज के कमजोर तबकों को प्राथमिक स्वास्थ्य देख-भाल सेवाएं प्रदान करवाने पर अधिक बल दिया जाएगा। बच्चों और माताओं के लिये स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना स्वास्थ्य क्षेत्र के कार्यक्रमों का एक

प्रमुख अंग रहेगा। जनसंख्या में बढ़ोतरी की दर को कम करने के लिए अधिक जोर दिया जाएगा ताकि हमारे विकास प्रयत्नों के लाभ बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण सीमित न रह जाएं।

33. लोकतंत्र का मूलमंत्र है शिक्षा और साक्षरता। लोगों में फैली निरक्षरता और शिक्षा का निम्न स्तर कमजोर वर्गों के उत्थान और एक अधिक न्यायसंगत सामाजिक व्यवस्था बनाने के लिये किए किये जाने वाले कार्यक्रमों के सफल कार्यान्वयन में मुख्य रूप से बाधक हैं। निरक्षरता दूर करने पर अधिक जोर दिया जाएगा। सरकार निरक्षरता उन्मूलन के लिये एक नया कार्यक्रम शुरू करेगी और इसके लिये विश्वविद्यालयों, स्कूलों और स्वैच्छिक संस्थाओं का सहयोग प्राप्त करेगी। सरकार प्राथमिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा के व्यावसायीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी।

34. सरकार ऐसी सुविधाएं पैदा करने को अत्यन्त महत्व देती है जिनसे लोगों को उपयुक्त आवास प्राप्त करने में सहायता मिल सके। एक राष्ट्रीय आवास नीति बनायी जा रही है। यह प्रस्ताव है कि ग्रामीण भूमिहीन परिवारों को वासभूमि अधिकार देकर मकान बनाने के लिये भूमि के आवंटन को तेज किया जाए। न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माण सहायता को भी बढ़ाया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में रात्रि शरणगृहों के निर्माण के कार्यक्रम का विस्तार किया जाएगा।

35. अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति में बहुत तेजी से परिवर्तन हुए हैं। शीत युद्ध में कमी आई है और इसके बदले उन राष्ट्रों के बीच अधिक समझबूझ और सहयोग की भावना बढ़ी है जो विरोधी खेमों में बंटे थे, इससे हमारी विदेश नीति के सामने नई चुनौतियां आई हैं और उसको नए अवसर मिले हैं। हमारा दृष्टिकोण गुटनिरपेक्ष सिद्धान्तों तथा शान्ति, निरस्त्रीकरण तथा अधिक न्यायसंगत विश्व व्यवस्था के लिए हमारी वचनबद्धता पर अडिग रहेगा। जनवरी, 1991 से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य के रूप में हम इन उद्देश्यों को प्राप्त करने तथा संयुक्त राष्ट्र के घोषणापत्र के प्रयोजनों तथा सिद्धान्तों को बनाए रखने के लिये प्रयत्न करते रहेंगे।

36. सरकार विश्व की प्रवृत्तियों के अनुरूप हमारे पड़ोसी देशों के साथ सम्बन्ध सुधारने तथा क्षेत्रीय सहयोग की प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने की बात को उच्च प्राथमिकता देती है। दक्षिण एशियाई क्षेत्र विश्व का सबसे निर्धन क्षेत्र है। विकास तथा हमारी जनता के बेहतर रहन-सहन के लिए हमारे क्षेत्र में शान्ति तथा स्थिरता होना अनिवार्य है।

37. माले में लगभग दो वर्षों के अन्तराल के बाद आयोजित वें दक्षेस शिखर सम्मेलन में क्षेत्रीय सहयोग की प्रक्रिया को नई प्रेरणा प्रदान की गई है। हमारी पहल पर शिखर सम्मेलन ने कुछ नए प्रस्तावों पर विचार करने तथा कुछ नए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के सम्बन्ध में सहमति प्रदान की है। हमें विश्वास है कि राजनैतिक संकल्प को ध्यान में रखते हुए दक्षेस हमारी जनता के प्रत्यक्ष लाभ के महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्रों में सहयोग के लिए अग्रसर हो सकता है।

38. हम अनसुलझे मामलों को बातचीत के माध्यम से हल करने तथा अपने द्विपक्षीय सहयोग को और सुदृढ़ करने के लिए बंगलादेश की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुकता से प्रतीक्षा करते हैं।

39. भूटान और मालदीव के साथ हमारे घनिष्ट संबंध कायम रहे है और उच्चस्तरीय बातों के जरिए मजबूत हुए हैं।

40. हमने नेपाल में बहु-दलीय लोकतंत्र अपनाए जाने का स्वागत किया है। नेपाल के साथ हमारे परम्परागत निकटवर्ती द्विपक्षीय संबंध पुनः स्थापित हुए है। हमारे प्रधानमंत्री की प्रथम द्विपक्षीय यात्रा नेपाल की हुई, यह इस बात का द्योतक है कि उस देश के साथ हमारे सम्बन्ध कितने महत्वपूर्ण हैं। हम कई क्षेत्रों में, जिनमें दोनों देशों मे बहने वाली नदियों के पानी का उपयोग करना तथा पर्यावरण की सुरक्षा एवं प्रबन्ध शामिल हैं, नेपाल के साथ अपना सहयोग बढ़ाने को उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं।

41. पंजाब तथा जम्मू और कश्मीर में आतंकवादियों को और अलगाववादी गतिविधियों को पाकिस्तान द्वारा समर्थन दिए जाने के बावजूद हमने पाकिस्तान के साथ तनाव खत्म करने के अपने प्रयास जारी रखे हैं और हम द्विपक्षीय मामलों के व्यापक क्षेत्र पर विचार-विमर्श दोबारा शुरू करने पर सहमत हुए हैं। हमने पाकिस्तान सरकार पर शिमला समझौते का पूर्ण रूप से पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। हमें आशा है कि पाकिस्तान सरकार दोनों देशों और इन देशों के लोगों के दीर्घकालीन हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करेगी।

42. श्रीलंका के उत्तर-पूर्वी प्रान्त में युद्ध के कारण भारी संख्या में श्रीलंकाई शरणार्थी भारत में आ गए हैं। हमने अपनी चिंता से उनको अवगत करा दिया है और समस्या का शान्तिपूर्ण राजनैतिक समाधान ढूंढने की आवश्यकता पर बल दिया है जो श्रीलंका की एकता और अखंडता के ढांचे के अन्तर्गत श्रीलंकाई तमिलों की उचित आकांक्षाओं को पूरी करता हो।

43. अफगानिस्तान के साथ हमारी परम्परागत मंत्री राष्ट्रपति नजीबुल्लाह की अगस्त, 1990 में नई दिल्ली यात्रा से और अधिक मजबूत हुई है। हमें आशा है कि अफगानिस्तान में रक्तपात और हिंसा बंद होगी। समय की मांग है कि अफगानी लोगों द्वारा स्वयं राजनैतिक समाधान निकाला जाए जिससे अफगानिस्तान को एक संप्रभुता सम्पन्न, स्वतंत्र और गुट-निरपेक्ष देश का दर्जा सुनिश्चित हो सके।

44. हमने चीन के साथ बेहतर सूझ-बूझ प्रदान करने वाली प्रक्रिया को जारी रखा है। हमारा द्विपक्षीय सहयोग बढ़ा है और हमने अन्तर्राष्ट्रीय मामलों पर एक दूसरे के साथ और अधिक निकटता से परामर्श करना भी आरम्भ किया है। सीमा के प्रश्न का उचित, तर्कसंगत और एक दूसरे को स्वीकार्य हल निकालने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुई संयुक्त कार्य दल में बातचीत है। हमें विश्वास है कि भारत और चीन के बीच और अधिक निकट सहयोग, एशिया और विश्व में शांति और स्थिरता के हित में होगा।

45. सोवियत संघ के साथ हमारे विशेष सम्बन्ध हैं और हमारे द्विपक्षीय सहयोग का क्षेत्र काफी व्यापक है। हमारी इच्छा है कि सोवियत सरकार और वहां के लोगों को राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक बदलाव लाने के उनके प्रयासों में सफलता हासिल हो। सोवियत संघ ने जरूरत के समय में भारत का साथ दिया है और हम उनकी गर्मजोशी और दोस्ती का जवाब हर समय समझदारी और सहयोग से देंगे।

46. संयुक्त राज्य अमरीका के साथ हमारे सम्बन्धों में स्थायी सुधार हुए हैं। अब एक दूसरे की चिन्ताओं और हितों को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। संयुक्त राज्य अमरीका हमारा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और उच्च तकनीक का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। हम आशा करते हैं कि आपसी हितों के क्षेत्र में हमारा सहयोग और आगे बढ़ेगा।

47. जापान, हमारे एक प्रमुख आर्थिक भागीदार के रूप में उभर कर सामने आया है। एक एशियाई देश के रूप में, हम उसके द्वारा की गई प्रगति की सराहना करते हैं और द्विपक्षीय सहयोग को और आगे बढ़ाने की आशा करते हैं। भारत और जापान के बीच निकटतर साझेदारी, शांति और प्रगति की दिशा में एक रचनात्मक कदम होगा।

48. हमने जर्मनी के एकीकरण का स्वागत किया है जो अत्यन्त ऐतिहासिक महत्व की घटना है। हम जर्मनी के राष्ट्रपति की आगामी भारत यात्रा और एकीकृत जर्मनी के साथ अपने निकट और मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ाने की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं। अन्य यूरोपीय देशों के साथ हमने अपने मैत्रीपूर्ण संबंध तथा सहयोग बनाए रखे हैं और उन्हें सुदृढ़ किया है।

49. हम गम्भीर रूप से चिंतित हैं कि हमारे एवं अन्य सभी प्रयासों के बावजूद खाड़ी में युद्ध छिड़ गया है और खाड़ी घटनाओं ने दुःखद मोड़ ले लिया है। इस युद्ध से अन्तर्राष्ट्रीय शांति तथा सुरक्षा और विश्व की आर्थिक स्थिति पर गम्भीर प्रभाव पड़ेंगे। विशेष रूप से विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाएं सबसे अधिक प्रभावित होंगी। हम आशा करते हैं कि युद्ध का अन्त होगा। हम गुट-निरपेक्ष आंदोलन के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करके, तुरन्त युद्धविराम और साथ ही साथ संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के अनुरूप इराक द्वारा कुवैत से अपनी सेनाएं हटाने की घोषणा किए जाने के लिए अपने प्रयास जारी रखे हुए हैं। हमारी पहल पर गुटनिरपेक्ष देशों के विदेश मंत्रियों के एक ग्रुप की बैठक बेलग्रेड में आयोजित की गई। हम, युद्ध समाप्त करवाने और समस्या का शांतिपूर्ण हल निकालने हेतु आम सहमति के लिए सुरक्षा परिषद के सदस्यों और अन्य राष्ट्रों के साथ भी सम्पर्क बनाए हुए हैं।

50. फिलिस्तीनी लोगों का अपने देश की मांग करने का जो अभिन्न अधिकार है उनकी उस न्यायोचित लड़ाई में हम उनको पूरा समर्थन देते हैं। फिलिस्तीन के प्रश्न का न्यायोचित हल निकले बिना पश्चिम एशिया में स्थायी शांति और स्थायित्व नहीं आ सकता। इस समस्या को बहुत दिनों तक खींचा गया है और अब इसे पूरी गम्भीरता के साथ जल्द से जल्द हल कर लिया जाना चाहिए। हम शांति और स्थायी हल निकालने के लिए तत्काल एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन बुलाने के लिए अपना दबाव बनाए रखेंगे, जिसमें सभी सम्बन्धित देश भाग लें।

51. हम कंबोडिया में दुःखद संघर्ष का शांतिपूर्ण हल निकालने के प्रयासों का समर्थन करते हैं और इस प्रक्रिया में सहायता देने के लिये तैयार हैं। ऐसे हल में कम्बोडिया की प्रभुसत्ता, क्षेत्रीय अखण्डता, स्वतंत्रता और गुटनिरपेक्ष प्रतिष्ठा सुनिश्चित होनी चाहिए।

52. दक्षिण अफ्रीका में गम्भीर परिवर्तन हो रहे हैं। अन्तिम अफ्रीकी उपनिवेश, नामीबिया को 21 मार्च, 1990 को स्वतंत्रता मिली। दक्षिण अफ्रीका में ऐसी अनेक पहल की गई हैं जिनसे रंगभेद समाप्त करने के लिए बातचीत का रास्ता निकल सके। अक्तूबर, 1990 में डा. नेल्सन

मंडेला की भारत-यात्रा एक ऐतिहासिक घटना थी जब सारे देश ने रंगभेद के विरुद्ध संघर्ष के प्रतीक के रूप में उनका स्वागत किया।

53. हम फिजी और अन्य स्थानों में जातिगत आधार पर विभेदीकरण को संस्थागत बनाने के प्रयासों का कड़ा विरोध करते हैं।

54. माननीय सदस्यगण, इस सत्र के दौरान आप अनेक विधायी उपायों तथा वित्तीय कार्य पर विचार करेंगे।

55. अब आपको आह्वान करता हूं कि आप अपने श्रमसाध्य कार्यों में जुट जाएं। संकट की इस घड़ी में भारत की जनता का ध्यान आपकी दूरदर्शिता और विवेक की ओर लगा है। हमने पहले भी उद्देश्य-बोध, अद्भुत शक्ति और चुनौती के समय एकजुट होने की क्षमता का परिचय दिया है। मुझे विश्वास है कि ये गुण एक मजबूत संगठित और समुन्नत भारत के निर्माण में सहायक होंगे।

मैं आपके प्रयासों की सफलता की कामना करता हूं।

जय हिन्द

[ग्रंथालय में भी रखा गया। देखिए संख्या एल. टी. 2120/91]

12.52 ½ म. प.

निधन सम्बन्धी उल्लेख

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्यगण, आज जब हम एक महीने से भी अधिक के अन्तराल के बाद मिल रहे हैं तो मुझे सदन को वर्तमान लोक सभा के सदस्य श्री ई एस एम पाकीर मोहम्मद के दुखद निधन की सूचना देनी है। हम आज अपने चार भूतपूर्व सहयोगियों, सर्वश्री रामशंकर लाल एम आर लक्ष्मीनारायणन्, सी आर बासप्पा और जगन्नाथ राव के दुखद निधन पर भी शोक व्यक्त करते हैं।

श्री ई. एस. एम पाकीर मोहम्मद नवम्बर, 1949 में हुए पिछले आम चुनावों में तमिलनाडु के मलीयादुतुराई निर्वाचन क्षेत्र से इस सभा के लिए निर्वाचित हुए थे। इससे पहले 1984-89 के दौरान उन्होंने तमिलनाडु में मयूरम निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। इससे पहले 1980-84 के दौरान वह तमिलनाडु विधान सभा के सदस्य रहे।

श्री पाकीर मोहम्मद एक प्रसिद्ध उद्योगपति थे और उन्होंने विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। उन्होंने समाज के दलित लोगों के उत्थान के लिए भी काफी कार्य किया।

श्री पाकीर मोहम्मद की शिक्षा और खेलों के विकास में गहरी रूचि थी और वह अनेक शैक्षिक तथा खेल संस्थानों में कई पदों पर आसीन रहे। वह भारत सरकार की मक्का और मदीना हज सद्भावना मिशन के सदस्य थे।

वह एक योग्य सांसद थे। सभा की कार्यवाही उनके भाग लेने से काफी समृद्ध हुई। वह भूतल परिवहन मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के सदस्य भी रहे।

श्री पाकीर मोहम्मद का 28 जनवरी, 1991 को 54 वर्ष की आयु में थंजावुर में निधन हो गया।

श्री राम शंकर लाल 1952-92 के दौरान पहली तथा दूसरी लोक सभा के सदस्य थे जिनमें उन्होंने उत्तर प्रदेश के क्रमशः बस्ती तथा डुमरियागंज निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व किया। इससे पहले 1946-51 के दौरान वह उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य थे।

श्री लाल ने राज्य विधान मंडल में गठित संयुक्त प्रवर समिति के सदस्य के रूप में राज्य से जमींदारी प्रथा के उन्मूलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

श्री लाल एक विख्यात स्वतंत्रता सेनानी तथा राजनैतिक कार्यकर्ता थे। वह 1930 में ही स्वतन्त्रता संग्राम में कूद पड़े थे और उन्होंने 1942 के 'भारत छोड़ो' आंदोलन में सक्रिय भाग लिया स्वतन्त्रता संग्राम में भाग लेने के कारण उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा।

वह व्यवसाय से वकील थे किन्तु पत्रकारिता में भी उनकी समान रुचि थी और उन्होंने हिन्दी में पंचमुख नामक पत्रिका का प्रकाशन किया।

श्री लाल का 3 जनवरी, 1991 को 89 वर्ष की आयु में दिल का दौरा पड़ने से निधन से हो गया।

श्री एम आर लक्ष्मीनारायणन् 1971-89 के दौरान तमिलनाडु में टिन्डीवनम निर्वाचन क्षेत्र पांचवी तथा छठी लोक सभा के सदस्य थे।

वह पेशे से कृषक थे तथा किसानों के कल्याण के लिए कार्यरत अनेक मंचों से सम्बद्ध रहे तथा तमिलनाडु में किसानों के हित के लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ा।

श्री लक्ष्मीनारायणन् ने 1953-5 के दौरान भारत में भूतपूर्व फ्रांसीसी क्षेत्र (पांडिचेरी) के स्वतन्त्रता आन्दोलन में भी सक्रिय रूप से भाग लिया।

वह एक सामाजिक कार्यकर्ता थे और उन्होने समाज के निर्धन पददलित तथा पिछड़े वर्गो के उत्थान मे शहरी रुचि ली तथा छूआछूत की कुप्रथा को समाप्त करने के लिए निरन्त संघर्ष किया।

वह एक योग्य सांसद थे और उन्होने अनेक सामाजिक समस्याओं की ओर सभा का ध्यान आकर्षित किया तथा सभा की बैठकों से अनुपस्थित रहने वाले सदस्यों सम्बन्धी समिति में भी रहे।

श्री लक्ष्मीनारायणन् ने विश्व के अनेक देशों की यात्रा की तथा विभिन्न खेलों के विकास में शहरी रुचि ली।

श्री लक्ष्मीनारायणन का 65 वर्ष की आयु में 16 जनवरी, 1991 को तमिलनाडु के मदुरा-पक्कम गांव में निधन हो गया।

श्री सी. आर. बारुप्पा 1952-67 के दौरान तत्कालीन मैसूर राज्य से पहली, दूसरी और तीसरी लोक सभा के सदस्य थे। इससे पहले 1948-52 के दौरान वह मैसूर संविधान सभा तथा विधान सभा के भी सदस्य रहे।

वह पेशे से वकील थे और 1944-45 के दौरान बार ऐसोशिएशन चित्तालदुर्ग के सचिव थे।

श्री बारुप्पा एक सक्रिय तथा योग्य सांसद थे और उन्होंने समाज के श्रमजीवी तथा कमजोर वर्गों के लिए बहुत काम किया। वह एक प्रसिद्ध सामाजिक और राजनैतिक कार्यकर्ता थे और उन्होंने और प्रौढ़ शिक्षा के संवर्धन तथा खेलों के विकास में गहरी रुचि ली। वह अनेक सामाजिक और राजनैतिक संगठनों से भी जुड़े थे।

श्री बारुप्पा एक सक्रिय मजदूर नेता थे और उन्होंने श्रमिक आन्दोलन में गहरी रुचि ली।

श्री बारुप्पा का 29 जनवरी, 1991 को 78 वर्ष की आयु में तुमकुर जिले में निधन हो गया।

श्री जगन्नाथ राव ने उड़ीसा के कोरापुट निर्वाचन क्षेत्र से दूसरी लोकसभा के लिए निर्वाचित होकर अपना लम्बा तथा शानदार संसदीय जीवन आरम्भ किया। उन्होंने तीसरी, चौथी, पांचवीं, छठी, सातवीं और आठवीं लोकसभा में राज्य के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधि किया। इस प्रकार श्री राव लगभग तीन दशक से भी अधिक समय तक संसद सदस्य रहे।

श्री राव एक योग्य प्रशासक और सक्रिय सांसद थे और उन्होंने 1962-71 के दौरान केन्द्रीय मंत्रिमंडल में अनेक विभागों का कार्यभार संभाला तथा सदन की सभापति तालिका के भी सदस्य थे तथा उन्होंने सदन की कार्यवाही का बड़ी निपुणता और योग्यता से संचालन किया। इसके अलावा श्री राव, सदस्य तथा सभापति की हैसियत से अनेक प्रवर/संयुक्त चयन समितियों में रहे।

वह पेशे से वकील थे तथा 1946-49 के दौरान वह सरकारी वकील थे और कई वर्षों तक जयपोर के नगरपालिका आयुक्त भी रहे।

श्री राव एक निष्ठावान सामाजिक और राजनैतिक कार्यकर्ता थे और उन्होंने भारत सेवक समाज तथा जिला रेडक्रास सोसायटी सहित अनेक सामाजिक संगठनों में विभिन्न पदों पर कार्य किया। उन्होंने समाज के पिछड़े तथा कमजोर वर्गों विशेष रूप से अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के उत्थान के लिए निरन्तर कार्य किया। उन्होंने सहकारिता आन्दोलन के विकास के लिए भी बहुत कार्य किया।

श्री राव ने अनेक देशों की यात्रा की और 1958 में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के सदस्य के रूप में सोवियत रूस की यात्रा की। 1959 में उन्होंने भारतीय शिष्टमंडल के एक सदस्य के रूप में संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा के चौदहवें सत्र में भाग लिया। 1964 में उन्होंने दण्ड विधि सम्बन्धी अन्तर्राष्ट्रीय कांग्रेस के शिष्टमंडल का हम में नेतृत्व किया। वह 1975 में आरसा के लिए संसदीय शिष्टमंडल के सदस्य भी थे।

श्री राव ने निष्ठा के साथ लम्बे समय तक देश की सेवा की और उनकी सेवायें अविस्मरणीय रहेंगी।

श्री राव का 21 वर्ष की आयु में 30 जनवरी, 1991 को नई दिल्ली में निधन हो गया।

हम इन मित्रों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते है और मुझे विश्वास है कि सभा इनके संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करने में मेरे साथ है।

सभा मृत दिवंगत आत्माओं के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़ी।

तत्पश्चात् सदस्यगण थोड़ी देर मौन खड़े रहे :

12.57 म.प.

सभा पटल पर रखे गये पत्र

अध्यक्ष महोदय : श्री सुबोध कांत सहाय।

[हिन्दी]

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दिल्ली सदर) : अध्यक्ष जी, मेरा दिल्ली प्रशासन अधिनियम के बारे में एक प्वाइंट आफ आर्डर है···(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मल्होत्रा जी, आप जानते है···

(व्यवधान)

मैं आपको बाद में सुनूंगा।

तमिलनाडु राज्य तथा गोवा राज्य आदि के संबंध में राष्ट्रपति द्वारा 31.1.1991 और 25.1.1991 को जारी की गई उद्घोषणाएं तथा आदेश

[अनुवाद]

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कांत सहाय) : मैं निम्नलिखित पत्र सभापटल पर रखता हूं :

(1) (एक) तमिलनाडु राज्य के सम्बन्ध में संविधान के अनुच्छेद 356 के अन्तर्गत राष्ट्रपति द्वारा 30 जनवरी, 1991 को जारी की गई उदघोषणा, जो संविधान के अनुच्छेद 366(3) के अन्तर्गत 30 जनवरी, 1991 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 54(अ) में प्रकाशित हुई थी, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रन्थालय में रखी गयी। देखिये संख्या एल. टी.-2121/91]

(दो) उद्घोषणा के खंड (ग) के उपखंड (एक) के अनुसरण में राष्ट्रपति द्वारा 30 जनवरी, 1991 को दिये गये आदेश, जो 30 जनवरी, 1991 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 55(अ) में प्रकाशित हुआ था, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रन्थालय में रखी गयी। देखिये संख्या एल. टी. 2122/91]

(3) गोवा राज्य के संबंध में संविधान के अनुच्छेद 356 के खंड (2) के अन्तर्गत राष्ट्रपति द्वारा 25 जनवरी, 1991 को जारी की गई उद्घोषणा, जिसके द्वारा 14 दिसम्बर, 1990 को जारी की उद्घोषणा को रद्द किया गया और जो संविधान के अनुच्छेद 356(3) के अन्तर्गत 25 जनवरी, 1991 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 48(अ) में प्रकाशित हुई थी, की एक प्रति।

[ग्रन्थालय में रखी गई। देखिये संख्या एल. टी. 2123/91]

(3) दिल्ली प्रशासन अधिनियम, 1966 की धारा 31 के अन्तर्गत जारी की गई अधिसूचना सख्या का.आ. 18(अ), जो 12 जनवरी, 1991 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी और जिसके अन्तर्गत दिल्ली प्रशासन अधिनियम, 1966 के कतिपय उपबन्धों के प्रवर्तन को 13 जनवरी, 1991 से और 4 महीने की अवधि के लिए निलंबित करने के बारे में 12 जनवरी, 1991 का राष्ट्रपति का आदेश दिया हुआ है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रन्थालय में रखी गई। देखिए संख्या एल. टी. 2124/90]

(4) केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल अधिनियम, 1949 की धारा 18 की उपधारा (3) के अन्तर्गत जारी किये गये भारत-तिब्बत सीमा पुलिस कांस्टेबल (लाइनमैन) भर्ती नियम, 1990 जो 17 नवम्बर, 1990 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा. का. नि. 692 में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखी गयी। देखिये संख्या एल. टी. 2125/91]

12·59 म.प.

अध्यक्ष महोदय : सभा अब कल ग्यारह बजे पुनः समवेत होने के लिए स्थगित होती है।

तत्पश्चात लोक सभा शुक्रवार, 22 फरवरी 1991/3 फाल्गुन 1912 (शक) के ग्यारह बजे प्र. पू. तक के लिए स्थगित हुई।

गुप्ता प्रिंटिंग वर्क्स, एसप्लेनेड रोड, दिल्ली-6